# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

दिनांक – 18.08.2025

## प्रेस विज्ञप्ति

**(Admission Schedule for admission in UG Programs through second Merit in University Campus and Affiliated Colleges)**

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर विभाग एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों को सूचित किया जाता है कि उनके यहाँ संचालित सभी स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों (बी0पी0ई0एस0, बी0एससी0 फिजिक्ल एजुकेशन एण्ड स्पोर्ट्स, बी0ए0 एलएल0बी0 और बी0कॉम0 एलएल0बी0 पाठ्यक्रमों को छोड़कर) एवं स्नातक स्तर के सभी सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु द्वितीय वरीयता सूची तैयार करने एवं प्रवेश कन्फर्म करने क लिए समय सारिणी (Schedule) निम्न प्रकार रहेगा।

1. दिनांक 19.08.2025 से दिनांक 20.08.2025 तक परिसर विभाग एवं महाविद्यालय/संस्थान उक्त पाठ्यक्रमों में पंजीकृत अभ्यर्थियों के इण्टरमीडिएट की Marks Percentage में Weightages के प्रतिशत को जोड़कर आरक्षण श्रेणी अनुसार शेष सीटों के सापेक्ष (Aided एवं Govt. Colleges में संचालित B.A., B.Sc., B.Sc. (Ag.) Hons. एवं B.Com. पाठ्यक्रमों के लिए 5% Sports Quota सीट छोड़कर) आरक्षण नियमों (Vertical एवं Horizontal) तथा Other State एवं Other Board quotas का पालन करते हुए द्वितीय वरीयता सूची तैयार करेंगें।

   (A) दिनांक 20.08.2025 को विश्वविद्यालय परिसर विभाग प्रवेश सम्पुष्टि हेतु द्वितीय वरीयता सूची में स्थान पाये अभ्यर्थियों का प्रवेश शुल्क जमा करने हेतु दिनांक 21.08.2025 से दिनांक 23.08.2025 तक अपने प्रवेश पोटर्ल से Schedule जारी करेंगें।

   (B) दिनांक 20.08.2025 को महाविद्यालय/संस्थान द्वितीय वरीयता सूची में स्थान पाये अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु दिनांक 21.08.2025 से दिनांक 23.08.2025 तक का Admssion Offer Schedule अपने प्रवेश पोटर्ल से जारी करके भेजेंगे।

2. दिनांक 21.08.2025 से दिनांक 23.08.2025 तक महाविद्यालय/संस्थान एवं परिसर विभाग उनके यहाँ संचालित उक्त स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु Admssion Offer accept करने वाले अभ्यर्थियों के शैक्षणिक एवं अन्य अभिलेखों की जाँच कर प्रवेश कन्फर्म करेंगें। महाविद्यालय/संस्थान एवं परिसर विभाग दिनांक 23.08.2025 तक उक्त सभी इच्छुक अभ्यर्थियों का प्रवेश सम्पूष्ट अवश्य सुनिश्चित कर लें।

उक्त के क्रम में सभी को सूचित किया जाता है कि प्रवेश प्रक्रिया को समझने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा समर्थ प्रवेश पोटर्ल पर एक PPT (Power Point Presentation) को अपलोड किया हुआ है। अतः उक्त PPT का अवलोकन अवश्य कर लें।

उक्त के कम में यह भी सूचित किया जाता है कि प्रवेश पोर्टल पर मेरिट अपलोड करने के बाद प्रवेश प्रक्रिया में तकनीकि समस्याऐं आ रहीं है। अतः महाविद्यालय/संस्थान एवं परिसर विभाग द्वितीय वरीयता सूची बनाकर पोर्टल पर अपलोड ना करें बल्कि उसमें स्थान पाऐं अभ्यर्थियों को सीधे Review and Process पर जाकर महाविद्यालय Admssion Offer एवं परिसर विभाग प्रवेश शुल्क जमा करने हेतु Schedule जारी करेंगे।

18/8/25
प्रवेश समन्वयक
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ